**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 26.06.2025**

**विषय-रामनगर पुलिस टीम द्वारा चोरी की 01 अदद मोबाइल के साथ 01 नफर अभियुक्ता गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा गम्भीर अपराधों की रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के क्रम में व श्रीमान् प्रभारी निरीक्षक महोदय के निर्देशन में दिनांक 26/06/2025 को थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह के तहत संदिग्ध व्यक्ति / वाहन की चेकिंग त्रिपौलिया गेट पर की जा रही थी कि मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि दिनांक 08/06/2025 को पाल लस्सी वाले दुकान से मोबाइल चोरी करने वाली महिला पंचवटी तिराहे से दुर्गा मंदिर जाने वाली सड़क पर खड़ी है जो कही जाने की फिराक में है मुखबिर खास की बात पर विश्वास कर पुलिस टीम मुखबिर को साथ लेकर बताये गये स्थान पर पहुंचे तो रोड पर खड़ी संदिग्ध महिला से म0उ0नि0 सुजाता चटर्जी द्वारा नाम पता पूछकर तलाशी ली गयी तो महिला के पास से एण्ड्रायड मोबाइल फोन ओप्पो कम्पनी का मिला जिसके बारे में पूछने पर बतायी कि यह फोन मैने 15 से 20 दिन पहले मंसा देवी मंदिर के पास एक दुकान से चोरी किया था। थाना रामनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-0138/2025 में चोरी गये मोबाइल फोन के आईएमईआई नम्बर से मिलान करने पर महिला के पास बरामद मोबाइल का IMEI एक पाया गया व वादी मुकदमा द्वारा उपलब्ध कराये गये सीसीटीवी फुटेज से चोरी करती दिख रही महिला ही पकड़ी गयी है जिसे कारण गिरफ्तारी बताकर हिरासत पुलिस में लिया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पंजीकृत अभियोग का संक्षिप्त विवरण –**

दिनांक 25/06/2025 को वादी मुकदमा ने लिखित तहरीर दिया कि वादी का OPPO A17 फोन चोरी हो गया है । वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना रामनगर पर मु0अ0सं0-0138/2025 धारा 305ए बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्ता से पूछताछ विवरण :-**

हिरासत में लिये गये अभियुक्ता से कड़ाई से पूछताछ के क्रम में बतायी कि मैं घूम फिरकर मौका देखकर कीमती सामान चोरी कर लेती हूँ और उसे बेचकर मिले पैसे से अपना जीविकोपार्जन करती हूँ। आज भी मैं यह चोरी की मोबाइल फोन को बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रही थी कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण :-**01 नफर अभियुक्ता उम्र 50 वर्ष

**बरामदगी का विवरण :-**

01 अदद मोबाइल फोन OPPO A17 आईएमईआई नम्बर 862498068082497 व 862498068082489

**<u>गिरफ्तारी / बरामदगी का दिनांक, समय व स्थान :-</u>**

दिनांक 26/06/2025 गिरफ्तारी का स्थान पंचवटी से दुर्गा मंदिर जाने वाला मार्ग।

**<u>गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-</u>**

1. प्र0नि0 श्री दुर्गा सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. व0उ0नि0 कौशलेन्द्र बहादुर सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री नितेश कुमार शर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी
4. उ0नि0 श्री बाल योगेश्वर गौड़ थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. मं0उ0नि0 सुजाता चटर्जी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी**